# भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद

स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय)
वी. रामलिंगस्वामी भवन, पोस्ट बॉक्स नंबर 4911,
अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029


**फ़ाइल सं.मेडटेक/मित्रा/2023/एमडीएमएस(पीटी-III)** **दिनांक: 11 मार्च, 2024**

परिषद मुख्यालय, आपने चिकित्सा उपकरण एवं नैदानिक मिशन सचिवालय, विकास अनुसंधान प्रभाग द्वारा प्रारंभ की जा रही पूर्णत: अस्थायी अनुबंध के आधार पर निम्नलिखित गैर-संस्थागत वैज्ञानिक मानव संसाधन परियोजना पद, जो पूर्णत: अस्थाई है, को भरने का प्रयोजन रखता है।

अनिवार्य अर्हकताएं और अन्य विवरण निम्नानुसार हैं:

| **क्र.सं.** | **मानव संसाधन परियोजना का पद** | **पदों की संख्या** | **अनिवार्य अर्हकता** | **वांछनीय दक्षता/अनुभव** | **अधिकतम आयु** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परामर्शक (वैज्ञानिक) (गैर-चिकित्सा) | 1 (एक) | जीवन विज्ञान में पीएच.डी के साथ तीन वर्ष का अनुभव और सहकर्मी समीक्षा पत्रिका में प्रकाशन। | • क्लीनिकल परीक्षण, चिकित्सा उपकरण, चिकित्सा निदान में कार्य करने का अनुभव।<br>• अध्ययन प्रोटोकॉल, सीआरएफ,पांडुलिपि लेखन, सहमति प्रपत्र लिखने का अनुभव। | 70 वर्ष |

समेकित परिलब्धियाँ (प्रति माह): अनुभव और ज्ञान के आधार पर अधिकतम रु. 1,00,000/-

योग्य उम्मीदवार निर्धारित आवेदन प्रपत्र को विधिवत रूप से भरकर, सभी अपेक्षित सहायक दस्तावेंजो और प्रमाण-पत्रों, विधिवत स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ आवेदन जमा करने की निर्धारित अंतिम **तिथि 01 अप्रेल, 2024** को सायं 17:00 बजें तक या इससे पहले ई-मेल: developmenticmr@gmail.com पर भेज सकते हैं। देरी

से/विलंबित/अपूर्ण/अहस्ताक्षरित आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और बिना किसी पत्राचार के सीधे रद्द कर दिए जाएंगे। अत: उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना समय से पूर्व अपना आवेदन जमा करें। यदि कोई उम्मीदवार किसी भी कारण से निर्धारित समय के भीतर अपना आवेदन जमा करने में विफल रहता है तो उसके लिए आईसीएमआर जिम्मेदार नहीं होगा। उपरोक्त वैज्ञानिक मानव संसाधान परियोजना के कार्य की अगामी प्रक्रिया हेतु उम्मीदवारों की छंटनी करने हेतु निर्धारित तिथि, समय के भीतर प्राप्त होने वाले और सभी प्रकार से पूर्ण आवेदनों की जांच केवल आईसीएमआर परीक्षण समिति द्वारा ही की जाएगी। सफल उम्मीदवारों की उम्मीदवारी आईसीएमआर द्वारा सभी मूल दस्तावेजों के सत्यापन और योग्यता, आयु और अनुभव आदि के सभी मामलों में अपेक्षित पात्रता मानदंडों की पूरा के अधीन होगी।

नियम और शर्तें: -

1. पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।
2. ये पद अस्थाई परियोजनाओं के लिए हैं, और परियोजना की समाप्ति के साथ स्वत: ही समाप्त हो जाने है।
3. उपरोक्त विज्ञापित परियोजना मानव संसाधन पदों की नियुक्ति धन की उपलब्धता, कार्यात्मक आवश्यकताओं और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर होगी। अत: हम सभी विज्ञापित परियोजना मानव संसाधन पदों को भरने के लिए वचनबध्द नहीं हैं और यह प्रक्रिया किसी भी समय वापिस ली जा सकती हैं /रद्द किया जा सकता हैं /संशोधित किया जा सकता है।
4. इस विज्ञापन में दिखाई गई समेकित परिलब्धिया/वेतन की दरें परियोजना विशिष्ट हैं और परियोजना की वित्त पोषित एजेंसी की मंजूरी के अनुसार हो सकती हैं।
5. आयु सीमा की गणना के लिए अंतिम तिथि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि की तिथि के अनुसार होगी।
6. आईसीएमआर के दिशानिर्देशों के अनुसार आयु में छूट होगी।
7. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को अपना नवीनतम वैध जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। ओबीसी उम्मीदवारों के पास नवीनतम वैध नॉन-क्रीमीलेयर प्रमाणपत्र होना चाहिए। पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों को सरकारी अस्पताल के मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी नवीनतम विकलांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें 40% से कम विकलांगता न हो।
8. सफल उम्मीदवारों की नियुक्ति के प्रस्ताव का निर्णय नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अपने विवेक से किया जाएगा।
9. किसी प्रतिष्ठित संस्थान से प्रासंगिक अनुशासन/क्षेत्र में योग्यता और अनुभव होना चाहिए। न्यूनतम आवश्यक योग्यता प्राप्त करने के बाद अनुभव प्राप्त किया जाना चाहिए।
10. केवल आवश्यक योग्यता पूरी कर लेने मात्र से चयन की गारंटी नहीं हो जाती है।
11. किसी भी सरकारी विभाग/संगठन के अंतर्गत पहले से नियमित समय-वेतनमान में कार्यरत व्यक्ति आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।
12. साक्षात्कार/व्यक्तिगत चर्चा में उपस्थित होने के लिए कोई यात्रा/दैनिक भत्ते का भुगतान नहीं किया जाएगा और उम्मीदवारों को अपने परिवहन/आवास की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
13. आईसीएमआर किसी भी आवेदन/उम्मीदवारी पर विचार करने या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
14. चयन प्रक्रिया के दौरान गलत या असत्य जानकारी प्रस्तुत करने पर किसी भी स्तर पर उम्मीदवारी को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

15. समय की कमी के कारण मानव संसाधन परियोजना के कर्मचारी को पीएच.डी के लिए पंजीकरण की अनुमति नहीं दी जा सकती।
16. मानव संसाधन परियोजना के कर्मचारी को आमतौर पर अध्ययन स्थल पर तैनात किया जाएगा; हालाँकि, शोध कार्य के हित में उन्हें किसी अन्य स्थल पर भी नियुक्त किया जा सकता है। आप देश के किसी भी भाग में सेवा करने के लिए उत्तरदायी हैं।
17. मानव संसाधन परियोजना के कर्मचारी का आईसीएमआर या इसके किसी भी संस्थान/केंद्र या भारत सरकार के किसी भी विभाग में नियमित पद पर कोई दावा नहीं होगा और उनकी परियोजना अवधि के आगे के असाइनमेंट या किसी अन्य परियोजना में स्थानांतरण के लिए या वित्त पोषित एजेंसी या आईसीएमआर नियुक्ति/समावेशन का कोई अधिकार प्रदान नहीं करेगा। भविष्य निधि, पेंशन योजना, अवकाश यात्रा रियायत, चिकित्सा दावा, स्टाफ क्वार्टर और आईसीएमआर के नियमित कर्मचारियों पर लागू अन्य सुविधाओं आदि के लाभ मानव संसाधन परियोजना के कर्मचारी के लिए स्वीकार्य नहीं हैं।
18. परियोजना की अवधि एक वर्ष तक है परियोजना पद की निरंतरता/विस्तार परियोजना के कार्यकाल और धन की उपलब्धता, कार्यात्मक आवश्यकताओं, और उनके प्रदर्शन के आधार पर सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अधीन, उसके परियोजना अन्वेषक द्वारा संबंधित परियोजना कर्मचारी के कार्य-निष्पादन के मूल्यांकन पर निर्भर करेगा। महानिदेशक, आईसीएमआर की पूर्व सहमति के बिना किसी भी मानव संसाधन परियोजना को पांच साल से अधिक समय तक किसी भी या एकाधिक परियोजनाओं के अंतराल के साथ या उसके बिना दिया जाने वाला निरंतरता/विस्तार के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार और जवाबदेह होंगे।
19. आईसीएमआर बिना कोई कारण बताए सहमत अनुबंध अवधि या विस्तारित अनुबंध अवधि के दौरान भी मानव संसाधन परियोजना को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
20. मानव संसाधन परियोजना स्टॉफ के लिए छुट्टी आईसीएमआर की नीति के अनुसार होगी।
21. उम्मीदवार को अपने विधिवत भरे हुए ऑनलाइन आवेदन पत्र की एक मुद्रित कॉपी, हाल ही का पासपोर्ट आकार का रंगीन छायाचित्र, एक विस्तृत जीवन वृत्त/सीवी और सभी प्रासंगिक दस्तावेजों यथा; विधिवत स्वप्रमाणित; उसकी शैक्षणिक योग्यता [10 वीं कक्षा और उससे आगे के सभी प्रमाण पत्र और अंक तालिका], कार्य अनुभव, आयु, जाति और फोटो आईडी [आधार कार्ड/भारतीय पासपोर्ट/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस] आदि के साथ जमा करना होगा, ऐसा न करने पर उसका/उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। देरी से/विलंब से/अपूर्ण/अहस्ताक्षरित आवेदन पर बिल्कुल भी विचार नहीं किया जाएगा और इस संबंध में किसी भी प्रकार के पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

22. आईसीएमआर अपने विवेक से, प्रक्रिया के दौरान किसी भी समय, भर्ती प्रक्रिया को रद्द/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

23. महानिदेशक, आईसीएमआर का निर्णय अंतिम होगा और बाध्यकारी होगा।

24. किसी भी रूप में प्रचार करना अयोग्यता होगी।

25. इस विज्ञापन के संबंध में कोई शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/अतिरिक्त जानकारी; यदि कोई हुई, तो, इसकी सूचना केवल हमारे कार्यालय - आईसीएमआर की वेबसाइट पर ही प्रकाशित की जाएगी। अत: उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इस विज्ञापन से संबंधित आगामी अपडेट के लिए नियमित रूप से आईसीएमआर की वेबसाइट देखें।

महानिदेशक, आईसीएमआर

**भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद**

मानव संसाधन परियोजना की नियुक्ति के लिए आवेदन, पूर्णतः अस्थायी अनुबंध के आधार पर

1. आवेदित पद का नाम, : ____________________________
____________________________

2. विज्ञापन संख्या : ____________________________

हाल ही का छायाचित्र

3. पूरा नाम (सुस्पष्ट अक्षरों में) : ____________________________
[उपनाम] [नाम]
[पिता/पति]

4. मां का नाम : ____________________________
पिता का नाम ____________________________
पति का नाम _

5. पत्राचार का पता : ____________________________
____________________________
____________________________
संपर्क नंबर: ____________________________
ईमेल आईडी: ____________________________

6. स्थायी पता : ____________________________
____________________________
____________________________

7. जन्म तिथि (प्रमाण-पत्र समर्थन हेतु होना चाहिए) : ______________ आयु : ____________________

8. क्या आप एससी/एसटी/ओबीसी/सामान्य श्रेणी से है: : ______________ जाति: ____________________

9. वैवाहिक स्थिति : विवाहित/अविवाहित

10. शैक्षिक अर्हकताएं : (योग्यता के समर्थन में साक्ष्य के रूप में प्रमाण-पत्र होंने चाहिएं)

| **क्र.सं** | **परीक्षा उत्तीर्ण** | **श्रेणी** | **उत्तीर्ण होने का वर्ष** | **बोर्ड/विश्वविद्यालय** | **विशेषज्ञता** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

11. कार्य - अनुभव (अनुभव के समर्थन में साक्ष्य के रूप में प्रमाण-पत्र होंने चाहिएं):

| नियोक्ता का नाम | पद | से, तारीख | तक, तारीख | छोड़ने का कारण |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

न्यूनतम आवश्यक योग्यता प्राप्त करने के बाद प्राप्त कुल अनुभव (वर्षों में):

_______________________

12. नेट/गेट/राष्ट्रीय स्तर की उत्तीर्ण परीक्षाओं का विवरण, यदि कोई हो।

| उत्तीर्ण परीक्षा | उत्तीर्ण होने की तिथि | मान्य तिथि |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

13. यदि आपका चयन हो जाते हैं तो आपको पद का कार्यभार ग्रहण करने के लिए कितनी अवधि की आवश्यकता होगी: _______________________

ध्यान दें: अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, एक अलग पृष्ठ पर या इस पृष्ठ के दूसरी ओर प्रदान की जा सकती है।

घोषणा: मैं एतद्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा इस फॉर्म में दिया गया विवरण मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सही हैं। गलत जानकारी देना या तथ्यों को छिपाना अयोग्यता होगी और मेरी उम्मीदवारी रद्द होने की संभावना है।

दिनांक: _____________________ हस्ताक्षर: __________________________

स्थान: _____________________ उम्मीदवार का नाम:____________________